

# शिवपुरी में अग्निवीर भर्ती रैली की व्यापक तैयारियाँ

**संभागायुक्त खत्री ने दिए पारदर्शिता और अभ्यर्थी सुविधा के विशेष निर्देश**

**अग्निवीर सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** आगामी 1 अगस्त से शिवपुरी में आयोजित होने जा रही अग्निवीर सेना भर्ती रैली के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने तैयारियाँ और तेज कर दी हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संभागायुक्त मनोज खत्री ने उच्चस्तरीय बैठक लेकर रैली की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक भर्ती प्रक्रिया नहीं, बल्कि युवाओं के प्रति शासन की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भर्ती रैली में पारदर्शिता, अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा तथा सुव्यवस्थित आयोजन ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताएँ होंगी।

जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, सेना भर्ती डायरेक्टर एवं कर्नल पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भर्ती से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें स्थल व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, वर्षा से सुरक्षा, अभ्यर्थियों के ठहरने और मार्गदर्शन से लेकर निगरानी और शिकायत निवारण तक शामिल थे।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि भर्ती स्थल पर मैदान की समतलीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह सुनिश्चित की जाए ताकि दौड़ और शारीरिक परीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि हर गतिविधि की तिथि सहित वीडियोग्राफी कराई जाए और सीसीटीवी कैमरों की मदद से संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी की जाए। उन्होंने भर्ती स्थल को युवाओं के लिए प्रेरणा और विश्वास का केंद्र बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर असुविधा या अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भर्ती के लिए शिवपुरी सहित ग्वालियर संभाग के दस जिलों से लगभग दस हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आने की संभावना है।

ऐसे धर्मशाला, लॉट, होटल एवं ठहरने के स्थल जो भर्ती स्थल, बस स्टेण्ड अथवा रेल्वे स्टेशन के समीप हो तथा जहां-जहां अभ्यर्थी रूक सकते है, उन्हें चिन्हित किया जाए। उनके संचालकों से भी बात करें, जिससे आने वाले अभ्यर्थियों को रिजनेवल प्राइज पर खाना-पीना, रूकना सुलभ हो सके। अभ्यर्थियों को आवश्यक वस्तुएं ज्यादा रूपए में प्राप्त न हो। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा टीम भी बनाई जाए। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहाँ से उन्हें भर्ती स्थल तक पहुँचने, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य जरूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही प्रवेश पत्र धारकों के लिए ही भर्ती परिसर में प्रवेश की अनुमति रहेगी, जिसकी व्यवस्था सेना और प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सुनिश्चित की जाए। भर्ती रैली के दौरान संभावित वर्षा को देखते हुए संभागायुक्त ने पूर्व तैयारी के रूप में शेड, टेंट और जल निकासी जैसी व्यवस्थाओं की समय रहते समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहाँ हर अभ्यर्थी को समान अवसर और पूरी सुविधा मिले। डीआईजी अमित सांघी ने इस अवसर पर कहा कि भर्ती स्थल पर यह स्पष्ट प्रचारित किया जाए कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और यदि कोई व्यक्ति अनुचित दबाव या पैसों की मांग करके सिलेक्शन दिलाने की बात करता है तो उसकी तत्काल शिकायत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के लिए एक पृथक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और प्रत्येक संदेहास्पद गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखी जाएगी।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि सभी जिम्मेदारियाँ विभागों को सौंप दी गई हैं और हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है ताकि कोई भी कमी समय रहते दूर की जा सके। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग टीमों की नियुक्ति की जा रही है और वैकल्पिक मार्गों की योजना भी तैयार कर ली गई है। भर्ती स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। सेना भर्ती डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार ने बताया कि भर्ती में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके पास वैध प्रवेश पत्र होगा। उन्होंने कहा कि स्थल पर बिजली आपूर्ति के लिए डबल पॉवर सप्लाई, जनरेटर और तकनीकी सहयोग की पूरी तैयारी की गई है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत प्रतियोगिता का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** नशे से दूरी है जरूरी जागरूकता अभियान के तहत शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश भर में नशे के प्रति जन-जागरूकता लाने हेतु नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को जिला स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस अभियान से जोड़कर कार्यक्रमों को सफल बनाने एवं नशे के विरुद्ध जनचेतना लाने हेतु निर्देशित किया गया है। आज दिनांक 29 जुलाई 2025 को इसी अभियान के अंतर्गत जिला शिवपुरी में पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्वालियर रेंज, अमित सांघी के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में गुरुनानक इंटरनेशनल स्कूल शिवपुरी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी ने कहा, नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में बच्चों की रचनात्मक सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। चित्रकला जैसी विधा से बच्चों ने जो संदेश दिया है, वह समाज के लिए एक प्रेरणा है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने कहा, युवा पीढ़ी को नशे के खतरे से बचाने के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। यह अभियान समाज में सकारात्मक सोच के विकास का माध्यम बनेगा। चित्रकला प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रचनात्मक मंच प्रदान कर नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग करना और समाज को एक सशक्त संदेश देना था। विद्यार्थियों ने नशा विरोधी संदेशों से युक्त रचनात्मक चित्र प्रस्तुत कर अपनी भावनाओं और चिंताओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज अमित सांघी, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, सीएसपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, थाना प्रभारी यातायात रणवीर यादव, थाना प्रभारी कोतवाली कृपाल सिंह राठौड़, सूबेदार अरुण प्रताप जादौन, गुरुनानक स्कूल के डायरेक्टर महिपाल अरोरा, एसडीएम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अजेयराज सक्सेना सहित स्कूल की प्रिंसिपल, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एंव मोटर साईकिल जप्त

दतिया। एसडीओपी भाण्डेर पूनमचन्द यादव के मार्गदर्शन में मुखिबर की सूचना पर से थाना भाण्डेर पुलिस टीम ने बैजापारा प्रतीक्षालय के पास मैन रोड भाण्डेर पर दविश देकर पवन पुत्र रामकुमार अहिरवार उम्र 24 साल निवासी ग्राम सैंतोल थाना भाण्डेर के कब्जे से अवैध रूप से 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती 6000 रूपये एंव एक काले रंग की सीबीजेड कंपनी की मोटर साईकिल जिसकी कीमत लगभग 30000 रूपये कुल 36000 रूपये की अवैध रूप से विक्रय हेतु कब्जे में रखना पाई जाने से उक्त शराब पंचनामा बनाकर विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एंव थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध आवकारी एक्ट का पंजीबद्द किया गया।

## अभावि परिषद की स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,29जुलाई ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष में एक भव्य निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों और कोचिंग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने लेखन कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान, विद्यार्थियों ने, उद्देश्यों और उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के निबंधों का मूल्यांकन किया और तीन विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार हर्षराज सक्सेना को दिया गया, जिन्होंने अपने निबंध लेखन के महत्व को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत किया। द्वितीय पुरस्कार शिवकांत कुशवाहा को दिया गया, ।तृतीय पुरस्कार आदर्श यादव को दिया गया, जिन्होंने अपने निबंध में लोकतंत्र के भविष्य , संभावनाएं खतरों पर चर्चा की। जिसमें दो संवेदनाएं पुरस्कार भी दिए गए । यश भार्गव और प्रतीक यादव कार्यक्रम मे नगर मंत्री पियूष भार्गव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हमेशा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा की है और उन्हें समाज के लिए तैयार किया है। इस कार्यक्रम मैं मौके पर उपस्थित नगर अध्यक्ष प्रशांत परिहार, नगर उपाध्यक्ष हर्ष भार्गव, नगर महामंत्री राज भार्गव , प्रदीप दुबे, नितिन साहू , आदि अन्य कार्यकर्ता एवं स्कूल और कोचिंग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अंकित सर क्लासेस के प्रांगण में किया गया था। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया। विजेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस प्रतियोगिता ने उन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में जानने का अवसर दिया और उन्हें अपने लेखन कौशल को विकसित करने में मदद की। उन्होंने अंकित सर और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को धन्यवाद दिया।

### भारी वर्षा के चलते आंगनबाड़ी केन्द्रों में आज रहेगा अवकाश

**शिवपुरी।** जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जनहित में निर्णय लेते हुए जिले के समस्त 2506 आंगनवाड़ी केन्द्रों में 30 जुलाई 2025 (बुधवार) को अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केन्द्रों में दर्ज 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के लिए मान्य रहेगा।

कलेक्टर श्री चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका निर्धारित समयावधि तक केंद्र पर उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं एवं आवश्यक रिकॉर्ड संधारण आदि कार्य संपादित करेंगी। इसके साथ ही संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक एवं सीडीपीओ नियमानुसार भ्रमण एवं पर्यवेक्षण कार्य पूर्ववत करते रहेंगे।

### शौचालाय को तोड़कर दुकानों का निर्माण कर लिया जिससे शौचालय जाने हेतु काफी समस्या होती है

दतिया ।पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र कुशवाह द्वारा पार्षद पद पर रहते हुए नगर परिषद इन्दरगढ़ वार्ड क्रमांक 08 में निर्मित शौचालाय को तोडकर दुकानों का निर्माण कर लिया गया है जिसके कारण हम सभी दुकानदारो को शौचालय जाने हेतु काफी समस्या होती है। इन्दरगढ़ वार्ड नम्बर 9 निवासी उक्त आवेदन बनमाली साहू ने मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर स्वप्निल वानखडे दिया आवेदक ने बताया की पूर्व पार्षद के भातीजे जो वर्तमान में पार्षद है और नगर परिषद में उपाध्यक्ष है उनके द्वारा भी अतिक्रमण करने एव शासकीय भूमि को हडपने का सिलसिला जारी है। जिले के विभिन्न अंचलों से आए 87 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान दें, जोखिमपूर्ण स्थानों से रखें दूरी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** बारिश के मौसम में बच्चों की सेहत और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता जरूरी है। बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने पालकों से अपील की है कि वे बच्चों को मौसमी बीमारियों और खतरनाक स्थानों से बचाएं। बारिश में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में साफ-सफाई, स्वच्छ भोजन और उबला पानी देना जरूरी है।

शर्मा ने कहा कि नदी-नालों, तालाबों, भदैया कुंड जैसे जल स्रोतों पर बच्चों को जाने से रोकें। नहाने के दौरान जल स्तर बढ़ने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। बिजली के खंबे, खुले ट्रांसफार्मर और गीले तारों से भी दूरी बनाए रखें, क्योंकि इनमें करंट फैलने का खतरा रहता है। बारिश में भीगने से रोकें, भीग जाएं तो तुरंत साफ पानी से नहलाएं और सूखे कपड़े पहनाएं। खुले खाद्य पदार्थ न खिलाएं, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन दें। घर और आसपास जल जमाव न होने दें, मच्छरों और बैक्टीरिया से बचाव करें। खुले बोरवेल और बिना मुंडेर वाले कुओं के पास बच्चों को न जाने दें।

### पहूज के जल से हुआ पशुपतिनाथ का जलाभिषेक

दतिया। पहूज के जल से हुआ पशुपतिनाथ का जलाभिषेक, बम भोले के जयकारों के बीच निकली कावड़ यात्रा। नागपंचमी के अवसर पर आज सूर्य मंदिर से प्रवाहित पहूज नदी से कावड़ यात्रा निकाली गई।कावड़ यात्रा 7 किलोमीटर की दूरी तय कर प्राचीन ललउआ गाँव की पहाड़ी पर स्थित शिवालय पहुँची।जहाँ बैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से पंकज बाबा, रामजी पंडा,बिरजू गुप्ता,राजकुमार लिटौरिया, राजू नामदेव, अन्नी गुप्ता, विक्की पंडा, देवू खंताल,मोनू पंडा,गिरिधर शहदेले,कम्मी सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## पति के हत्यारों ने दिया राजीनामा का दबाव, खुलेआम घूमकर दे रहे जान से मारने की धमकी



**पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** खनियाधाना तहसील के ग्राम खिरिया निवासी रामसकी यादव ने जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने पति की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। रामसकी यादव ने बताया कि कुछ समय पूर्व जमीनी विवाद के चलते उसके पति बृजभान सिंह यादव की नीलम यादव, नाहर सिंह यादव, राव साहब, रामदयाल सैन, धर्मेन्द्र सैन और कुल सिंह यादव ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बामौरकला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, लेकिन आज तक कोई भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है। सभी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़िता व उसके परिवार को लगातार गाली गलौज कर जान से मारने की धमकियां देकर राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। रामसकी यादव ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने थाने में इसकी शिकायत दी, तो थाना प्रभारी राजकुमार चाहर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ से आवेदन देकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है और न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## रॉर ऑफ द जंगल की दहाड़ से गूंजा दून पब्लिक स्कूल

**बाघ संरक्षण पर छात्रों की अनूठी शॉर्ट फिल्म का प्रीमियर, वन अधिकारियों ने सराहा**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर दून पब्लिक स्कूल में एक रचनात्मक एवं संदेशपूर्ण आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म रॉर ऑफ द जंगल का विशेष प्रीमियर किया गया। यह फिल्म पर्यावरण, वन्य जीवन और विशेष रूप से बाघ संरक्षण की थीम पर आधारित रही, जिसे छात्रों ने नाटकीय शैली और संवादों के माध्यम से जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) एसडीओ करैरा आदित्य सांडिल, एवं विशिष्ट अतिथि अखिलेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उन्होंने डिजिटल स्क्रीन पर प्ले बटन दबाकर फिल्म का औपचारिक शुभारंभ किया। मंचीय रूप से सजे इस आयोजन में छात्रों की रचनात्मकता, अभिनय क्षमता और पर्यावरणीय समझ की भूरि-भूरि सराहना की गई।

**बाघ बचाओ, पर्यावरण बचाओ:** एसीएफ सांडिल

मुख्य अतिथि आदित्य सांडिल (एसीएफ) ने कहा कि बच्चों ने जिस समझदारी और संजीदगी के साथ बाघ और जंगल की कहानी को प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में सराहनीय है। दून पब्लिक स्कूल का यह प्रयास न सिर्फ बच्चों को पर्यावरणीय शिक्षा दे रहा है, बल्कि समाज को भी जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में बाघों की संख्या बढ़ाने में मध्यप्रदेश की भूमिका सबसे अहम रही है, जिसे टाइगर स्टेट का गौरव प्राप्त है। श्री सांडिल ने बच्चों के साथ संवाद के दौरान बताया कि बाघ सिर्फ एक वन्य प्राणी नहीं, बल्कि पर्यावरणीय श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावी पीढ़ी का संकल्प:** यह आयोजन न केवल एक रचनात्मक मंच था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, बाघों की घटती संख्या और उनके आवास संकट जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता का एक सशक्त माध्यम भी बना। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने बाघ बचाओ, प्रकृति बचाओ जैसे नारों के साथ संदेश दिया कि यदि वन्यजीवों को बचाना है तो जंगलों को सुरक्षित रखना ही होगा।

**जंगल की कहानी छात्रों की ज़ुबानी**

फिल्म में दिखाया गया कि कैसे एक बाघ माधव टाइगर रिजर्व के जंगल में प्रवेश करता है और वहां के जीव-जंतुओं के साथ उसका रिश्ता विकसित होता है। यह कहानी पर्यावरण में जैव विविधता और संतुलन के महत्व को उजागर करती है। फिल्म में पारस कुमार इंदोरा ने बाघ की भूमिका निभाई, वहीं तनीषा खान (लोमड़ी), रिशिका शर्मा (हिरण), दक्ष दोहरे (भालू) और रूद्र हिंडोलिया (शिकारी) के दमदार अभिनय और सशक्त संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर तालियों की गड़गड़ाहट पर मजबूर कर दिया।

**स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मान**

कार्यक्रम की शुरुआत में दून पब्लिक स्कूल के संचालक शाहिद खान ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट किए। स्कूल द्वारा निर्मित फिल्म के लेखक अखलाक खान, स्पेशल इफेक्ट्स और फिल्मांकन प्रभारी श्री निरंजन सर, तथा सभी छात्र कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व स्कूल डायरेक्टर ने बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। रॉर ऑफ द जंगल की एक कॉपी प्रतीक रूप से एसीएफ आदित्य सांडिल को भी भेंट की गई, जिसे उन्होंने भावुकता से स्वीकार किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर रविन्द्र चौधरी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**182 आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 29 जुलाई।** हर मंगलवार की तरह आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 182 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से भूमि, राजस्व, विद्युत, पेयजल, आवास, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं।

कलेक्टर चौधरी ने प्रत्येक आवेदक की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसुनवाई आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर उमेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 दिन के अंदर क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण नहीं होता, तो ग्रामवासी करेंगे भूख हड़ताल - सोमवंशी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,29जुलाई ।** मंगलवार को ग्राम धवारी के युवाओं द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन दिया जिसमे पिछले वर्ष 2024 मै अत्यंधिक बारिश होने के कारण ग्राम धवारी को मुख्य सडक से जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी,ग्राम वासियों द्वारा पिछले एक वर्ष से कई बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को शिकायत कर चुके है लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई ।पछले 15 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश ने ग्राम बासियो के अत्यधिक परेशानी खड़ी कर दी है,बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है, किसानों को अपने वाहन निकालने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,

ज्ञापन के माध्यम से ग्राम वासियों ने प्रशासन को चेताया है की अगर कोई भी अप्रिया घटना घटित होती है तों उसकी जिम्मेदारी प्राशासन की होंगी,अगर 15 दिवस के अंदर अगर पुलिया का निर्माड चालू नहीं होता है तों ग्राम वासी करेंगे भूख हड़ताल,ज्ञापन में जयेंन्द्र सिंह सोमावंशी, नवनीत राजा , नर्सिंग परमार जीतेन्द्र सिंह जादौन आदि लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर खेत में पलटी गाड़ी

**दतिया ।** उनाव से दतिया की ओर आ रही महिंद्रा मैजिक (छोटा हाथी) ग्राम ललउआ मैं अनियंत्रित होकर खेत में पलटी गाड़ी पुष्पेंद्र यादव पुत्र मनमोहन यादव निवासी सरसई की बताई जा रही है जिसमें दो अन्य लोग सवार थे चालक पुष्पेंद्र का कहना है सामने से एक उल्टी साइड में गाड़ी आ रही थी जिसको बचाने के चक्कर में पुष्पेंद्र ने ब्रेक मारा और वाहन अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया जिसमें चालक सहित दो अन्य लोग तीनों सही सलामत निकल आय एवं जान माल की कोई हानि नहीं हुई।